


# स्वच्छ प्रतिष्ठान अभियान के तहत सम्मानित किया

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

स्वच्छ प्रष्ठिान सर्वेक्षण अभियान के तहत नगर के होटल, स्कूल, हॉस्पिटल, ऑफिस, मार्केट एसोसिएशन व हॉकर्स झोन को स्वच्छता एवं इससे संबंधित आवश्यक सुविधाओं के आधार पर अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पर आयोजित कार्यक्रम में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, भाजपा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष विप्लव जैन, पूर्व महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, उपायुक्त विकास सोलंकी, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर श्रीमती दिव्या पाटीदार आदि के द्वारा प्रतिष्ठानों को सम्मानित किया गया।

निगम आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत स्वच्छता माह पूरे प्रदेश में मनाया जा रहा है जिसके तहत होटल, स्कूल,हॉस्पिटल, ऑफिस, मार्केट एसो. व हॉकर्स झोन का स्वच्छता सर्वेक्षण मापदण्ड अनुसार किया जा रहा था तय मापदण्डों में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले प्रतिष्ठानों को सम्मानित किया जा रहा है।

स्वच्छ प्रतिष्ठान सम्मान के तहत समता सागर होटल महू रोड प्रथम, बालाजी सेन्ट्रल सैलाना रोड द्वितीय, जेएमडी पैलेस सागोद रोड तृतीय, स्कूल-सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल मित्र निवास रोड प्रथम, हिमालय किड्स स्कूल द्वितीय, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक स्कूल सागोद रोड तृतीय, आशीर्वाद हॉस्पिटल वेदव्यास कालोनी प्रथम, रतलाम हास्पिटल शास्त्री नगर द्वितीय, आरोग्यम हास्पिटल कॉलेज रोड तृतीय, कार्यालय कलेक्टर महू रोड प्रथम, कार्यालय नगर पालिक निगम कॉलेज रोड द्वितीय, कार्यालय जिला पंचायत कोर्ट तिराहा तृतीय, मार्केट एसोसीएशन-सराफा मर्चेन्ट एसो. प्रथम, क्लॉथ मर्चेन्ट एसो. द्वितीय, कसेरा मर्चेन्ट एसो.तृतीय, हॉकर्स झोन-दो बत्ती हॉकर्स झोन प्रथम, कालिका माता हाकर्स झोन द्वितीय व चांदनी चौक हॉकर्स झोन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्वदेश

स्वदेश 16/2/22

# स्वच्छ सर्वेक्षण में हुई विभिन्न प्रतियोगिताए

**रतलाम ●** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत जिंगल, मूवी, ड्राइंग, म्यूरल एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । हर एक प्रतियोगिता में से तीन-तीन विजेताओं को नगर पालिक निगम द्वारा सम्मानित किया गया। जिंगल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार शाकिर अली को, द्वितीय पुरस्कार कमल कुमार, तृतीय पुरस्कार अभिजीत ऊंटवाल को प्राप्त हुआ। मूवी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पुष्पेंद्र चौहान , द्वितीय पुरस्कार जोया जमना निनामा , तृतीय पुरस्कार अभिषेक कण्डारे को प्राप्त हुआ। ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मुस्तफा खान को, द्वितीय पुरस्कार राजेश प्रजापति को, तृतीय पुरस्कार दीपिका डबरे को प्राप्त हुआ स नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पुष्पेंद्र चौहान और उनकी टीम के सदस्य कार्तिक, शशांक, धीरेन्द्र को, द्वितीय पुरस्कार अभिषेक कण्डारे और उनकी टीम के सदस्य ऋतिक, करन, मोहित को, तृतीय पुरस्कार आदर्श कण्डारे और उनकी टीम के सदस्य सविता, जोया, दिनकर को प्राप्त हुआ। म्यूरल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार शशांक धवरी को, द्वितीय पुरस्कार धीरेंद्र सिंह को, तृतीय पुरस्कार करण भदौरिया को प्राप्त हुआ नगर पालिक निगम रतलाम ने उनके द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में दिए गए योगदान के लिए उनकी सराहना की गई। स्वदेश

स्वदेश 16/2/22

## स्वच्छता बरतने वाले संस्थानों का सम्मान किया



रतलाम। स्वच्छ प्रतिष्ठान सर्वेक्षण अभियान के तहत नगर के होटल, स्कूल, हॉस्पिटल, ऑफिस, मार्केट एसोशिएशन व हॉकर्स झोन को स्वच्छता एवं इससे संबंधित आवश्यक सुविधाओं के आधार पर अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पर आयोजित कार्यक्रम मे निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, भाजपा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष विप्लव जैन, पूर्व महापौर परिशद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, उपायुक्त विकास सोलंकी, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर श्रीमती दिव्या पाटीदार आदि के द्वारा प्रतिष्ठानो को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष विप्लव जैन ने अपने उद्बोधन मे कहा कि देष के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाये गये स्वच्छता अभियान से नागरिको मे स्वच्छता के प्रति जाग्रति देखने को मिल रही है बस हम इतना करें कि इस जाग्रति को और अधिक गति देकर रतलाम को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 मे नम्बर 1 बनायें। निगम आयुक्त ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत स्वच्छता माह पुरे प्रदेश मे मनाया जा रहा है जिसके तहत होटल, स्कुल, हॉस्पिटल, ऑफिस, मार्केट एसोशिएशन व हॉकर्स झोन का स्वच्छता सर्वेक्षण मापदण्ड अनुसार किया जा रहा था तय मापदण्डो मे अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले प्रतिष्ठानो को आज सम्मानित किया जा रहा है। उन्होने इस अवसर पर आव्हान किया कि रतलाम नगर को स्वच्छ बनाने हेतु नागरिक कम से कम कचरा उत्सर्जित करें, पॉलीथीन, डिस्पोजल का उपयोग ना करें, 4 प्रकार के अलग-अलग कचरे के लिये 4 डस्टबीन रखें व निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागो मे डालें, गीले कचरे से अपने घरो मे मटके या बाल्टी मे जैविक खाद बनाकर अपने उद्यानो को हरा-भरा रखें। ब्रांड एम्बेसेडर श्रीमती दिव्या पाटीदार व दीपिका पटेल ने रतलाम नगर को स्वच्छ रखने हेतु प्रेजेन्टेशन के माध्यम से अपने विचारो से उपस्थितो को अवगत कराया।

### -स्वच्छता से यह बने सम्मान के हकदार

स्वच्छ प्रतिष्ठान सम्मान के तहत होटल-समता सागर होटल महू रोड प्रथम, बालाजी सेन्ट्रल सैलाना रोड द्वितीय, जेएमडी पैलेस सागोद रोड तृतीय, स्कूल-सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मित्र निवास रोड प्रथम, हिमालय किड्स स्कूल द्वितीय, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक स्कूल सागोद रोड तृतीय, हॉस्पिटल-आशीर्वाद हॉस्पिटल वेदव्यास कालोनी प्रथम, रतलाम हास्पिटल शास्त्री नगर द्वितीय, आरोग्यम हॉस्पिटल कॉलेज रोड तृतीय, ऑफिस-कार्यालय कलेक्टर महू रोड प्रथम, कार्यालय नगर पालिक निगम कॉलेज रोड द्वितीय, कार्यालय जिला पंचायत कोर्ट तिराहा तृतीय, मार्केट एसोशिएशन- सराफा मर्चेन्ट एसोशिएशन प्रथम, क्लॉथ मर्चेन्ट एसोशिएशन द्वितीय, कसेरा मर्चेन्ट एसोशिएशन तृतीय, हॉकर्स झोन-दो बत्ती हॉकर्स झोन प्रथम, कालिका माता हाकर्स झोन द्वितीय व चांदनी चौक हॉकर्स झोन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

राज एक्सप्रेस 16/२/२२

## स्वच्छता के संदेश से सजा रहे शहर



रतलाम. शहर को स्वच्छता के संदेश से सजाया जा रहा है। विभिन्न रोड पर स्वच्छता से जुडे संदेश लिखे गए हैं। यह देखने भी आकर्षक लग रहे हैं।

पत्रिका 16/२/२२

## प्रतिष्ठान सम्मान समारोह



# होटल समता सागर महूरोड सफाई में अव्वल

रतलाम, नप्र। स्वच्छ प्रतिष्ठान सर्वेक्षण में होटल, स्कूल, अस्पतचाल, दफ्तर, मार्केट, एसोसिएशन और हॉकर्स झोन को सफाई तथा इससे संबंधित जरूरी सुविधाओं के आधार पर सम्मान किया। होटल समता सागर महू रोड को प्रथम, जेएमडी पैलेस सागौदरोड को तीसरा तृतीय पुरस्कार दिया। वहीं सर्राफा मर्चेन्ट एसोसिएशन प्रथम, क्लॉथ मर्चेन्ट एसोसिएशन द्वितीय तथा कसेरा मर्चेन्ट एसोसिएशन को तीसरा पुरस्कार मिला। दो बत्ती हॉकर्स झोन प्रथम, कालिका माता हाकर्स झोन दूसरे नंबर पर रहा।

प्रभातकिरण 15/2/22

## रतलाम जिले में भूफियाओं, असामाजिक तत्वों, अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई

# विगत 6 माह में 38 करोड़ रुपए से अधिक की भूमि मुक्त कराई गई

सिंहम-15

**सिंहम रिपोर्टर ❑ रतलाम**

जिले में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में अपराधियों, भूमाफियाओं, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। विगत 6 माह की अवधि में रतलाम जिले में शासकीय गाइड लाइन मूल्य के अनुसार 38 करोड़ 77 लॉख रुपए मूल्य की मुक्त कराई गई है। प्रशासन द्वारा नशे का व्यापार करने वाले, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में लिप्त, आम आदमी की जमीन पर कब्जा करने वाले गुंडों, सूदखोरों आदि के अवैध निर्माण को हटाया गया है।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की मंशा अनुसार रतलाम जिले में भी माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई सतत जारी है। जिले में विगत सितंबर माह से लेकर जनवरी तक विभिन्न स्थानों पर 32 कार्रवाईयां की गई है। विभिन्न छोटी-बड़ी कार्रवाइयों में कुल मिलाकर 38 करोड़ 77 लाख रुपए मूल्य की 37.635 हेक्टेयर भूमि मुक्त कराई गई है।

जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई में अपराधिक तत्वों, भू माफियाओं तथा अन्य माफियाओं के 247 मकान दुकान या अन्य प्रकार की संरचनाओं को तोड़ा गया है। माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई के तहत रतलाम शहर से लेकर आलोट, जावरा, रतलाम ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य रूप से बड़ी कार्रवाइयां की गई है जिनमें ग्राम ढोढर में 106 अवैध दुकानों को तोड़कर अतिक्रमण हटाया गया था वहीं विगत दिनों रतलाम शहर में भी अपराधिक तत्वों के मकानों को ध्वस्त किया गया।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के अनुसार जिले में भूमाफियाओं, अपराधिक तत्वों, गुंडा तत्वों, अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही सतत जारी रहेगी। इस संबंध में सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि अवैध निर्माणों को चिन्हित करें। वही माफिया तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनकी संपत्ति को ध्वस्त करने के लिए चिन्हांकन सतत जारी रखें।

सिंहम - 15/2/22

---

# रतलाम जिले में भूफियाओं, असामाजिक तत्वों, अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई

## विगत 6 माह में 38 करोड़ रुपए से अधिक की भूमि मुक्त कराई गई

रतलाम। जिले में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में अपराधियों, भूमाफियाओं, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। विगत 6 माह की अवधि में रतलाम जिले में शासकीय गाइड लाइन मूल्य के अनुसार 38 करोड़ 77 लॉख रुपए मूल्य की मुक्त कराई गई है। प्रशासन द्वारा नशे का व्यापार करने वाले, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में लिप्त, आम आदमी की जमीन पर कब्जा करने वाले गुंडों, सूदखोरों आदि के अवैध निर्माण को हटाया गया है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की मंशा अनुसार रतलाम जिले में भी माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई सतत जारी है। जिले में विगत सितंबर माह से लेकर जनवरी तक विभिन्न स्थानों पर 32 कार्रवाइयां की गई है। विभिन्न छोटी-बड़ी कार्रवाइयों में कुल मिलाकर 38 करोड़ 77 लाख रुपए मूल्य की 37.635 हेक्टेयर भूमि मुक्त कराई गई है। जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई में अपराधिक तत्वों, भू माफियाओं तथा अन्य माफियाओं के 247 मकान दुकान या अन्य प्रकार की संरचनाओं को तोड़ा गया है। माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई के तहत रतलाम शहर से लेकर आलोट, जावरा, रतलाम ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य रूप से बड़ी कार्रवाइयां की गई है जिनमें ग्राम ढोढर में 106 अवैध दुकानों को तोड़कर अतिक्रमण हटाया गया था वही विगत दिनों रतलाम शहर में भी अपराधिक तत्वों के मकानों को ध्वस्त किया गया। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के अनुसार जिले में भूमाफियाओं, अपराधिक तत्वों, गुंडा तत्वों, अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही सतत जारी रहेगी। इस संबंध में सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि अवैध निर्माणों को चिन्हित करें। वही माफिया तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनकी संपत्ति को ध्वस्त करने के लिए चिन्हांकन सतत जारी रखें। इन्दौर

इन्दौर समाचार 16/2/22

**बड़ी अड़चन** • कॉलोनियों के नियमितिकरण में कई मुश्किलें, इस साल वैध घोषित नहीं कर सकेंगे

# अवैध कॉलोनियों की सूचना देने कोई भी आगे नहीं आया

## दशकों पुराने कॉलोनाइजर को ढूंढना नामुमकिन, विकास शुल्क भरवाना है टेढ़ा काम

### 20 तक शहरवासियों से जानकारी मंगवाई है नगर निगम, इसके बाद आगे की कार्रवाई शुरू होगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

15 हजार से ज्यादा अवैध कॉलोनियों के रहवासियों को जल्द सुविधाएं नहीं मिलने वाली। बड़ी अड़चन कॉलोनियों को वैध करने के नए सरकारी नियम ही है। पहले तो नागरिकों से ही अवैध कॉलोनी की जानकारी लेना है। इसके लिए 5 फरवरी को नगर निगम ने सार्वजनिक सूचना निकाली थी, अब तक एक भी व्यक्ति जानकारी देने नहीं आया है। 20 फरवरी अंतिम तारीख है। इसके बाद दोबारा सर्वे करना पड़ेगा,

हालांकि नियमितिकरण के लिए निगम के पास पहले से 50 अवैध कॉलोनियों की लिस्ट बनी हुई है। दूसरा नामुमकिन काम एफआईआर करवाने के लिए मूल कॉलोनाइजर तक पहुंचना, क्योंकि ज्यादातर अवैध कॉलोनियां 30 से 40 साल पुरानी है। इसलिए, कई कॉलोनाइजर चल बसे, तो कई सिटी छोड़ दूसरे शहर जा बसे। यह सब हो भी गया तो डवलपमेंट चार्ज भरने को लेकर लोगों का विरोध झेलना पड़ेगा। 2014-15 और 2017-18 में 50 कॉलोनियां वैध घोषित होने के बाद कई कॉलोनी वालों ने विकास शुल्क जमा करा दिया था। नए नियम से विकास शुल्क का दोबारा निर्धारण कर भरवाना सबसे टेढ़ा काम साबित होगा। इसके अलावा नए नियमों के अनुसार और भी कई पेचीदगियां हैं, जिनसे पार पाने में अफसरों को पसीना आ जाएगा।

## उलझन... दो माह में निगम ही 9 अवैध कॉलोनियों पर चला चुका बुलडोज

### कॉलोनियों में शुरू हुए काम अभी भी अधूरे

2018 में 33 कॉलोनियों को वैध घोषित करने के बाद नगर निगम ने ताबड़तोड़ विकास कार्य शुरू करवा दिए थे। ये पहले चुनाव फिर कांग्रेस सरकार आने के बाद न्यायालय द्वारा कॉलोनियों को वैध करने वाली धारा को शून्य घोषित किए जाने के बाद बंद हो गए थे। ऐसी आठ सड़कों के काम अधूरे पड़े हैं। प्रदेश में सबसे पहले 2014-15 में विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयास से शहर की 17 और 2018 में दूसरी बार में 33 कॉलोनियों को वैध हुई थी। 7 करोड़ में से 4 करोड़ का डवलपमेंट हो चुका है।

### 9 अवैध कॉलोनियां मिल चुकीं, कलेक्टर अफसरों पर नहीं कर पाए कार्रवाई

अवैध कॉलोनियों को वैध करने के नए नियम बनाने के साथ ही सरकार ने नगर निगम कमिश्नर को चेताया था कि अब कोई भी अनाधिकृत कॉलोनी न बने। ऐसा होने पर उन्हीं की जिम्मेदारी तय की जाएगी। अक्टूबर-नवंबर में नगर निगम का अमला ही 9 अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चला चुका है। लगभग सारी अधिकतम दस साल पुरानी है। इस दौरान के अफसर, कार्यपालन यंत्री और इंजीनियर अभी भी निगम में काबिज है। प्रशासन की भूमिका निभा रहे कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम अब तक उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं ले पाए हैं।

### नियमितिकरण नियमों की प्रमुख पेचीदगियां

- **नियम** - शहरवासियों से अवैध कॉलोनी की जानकारी मांगी, प्रकाशन करके दावे-आपत्तियां बुलाएंगे।
- **पेचीदगी** - अब तक एक भी आगे नहीं आया क्योंकि साथ मे दस्तावेज भी देना है, जिन्हें इकट्ठा करने में खास लोग ही थक जाते है, ऐसे में आम लोगों के अवैध कॉलोनी का रिकॉर्ड जुटान मुश्किल काम है। ऐसे में नगर निगम सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर रहा है। कोशिश नाकाम होने पर उसे खुद ही सर्वे करवाकर कॉलोनियों को वैध करना पड़ेगा।
- **नियम** - पहले कॉलोनाइजरों के खिलाफ एफआईआर होंगी।
- **पेचीदगी** - इसके लिए मूल कॉलोनाइजरों को ढूंढना पड़ेगा, अधिकांश अवैध कॉलोनी 1980-90 के बीच की है। क कॉलोनाइजरों का निधन हो गया तो कुछ शहर छोड़ गए। प्लॉ भी कई बार बिक चुके, ऐसे में असल कॉलोनी विकसित कर वाले तक पहुंचना लगभग नामुमकिन है।
- **नियम** - विकास शुल्क निर्धारण करके रहवासियों से भरवाना
- **पेचीदगी** - 2015 से 2018 के बीच कई कॉलोनी वाले लगभग 22 लाख से ज्यादा का विकास शुल्क भर चुके हैं। नए नियम के अनुसार निम्न आय वर्ग वालों की संख्या 70 प्रतिशत से अधि होने पर 20 प्रतिशत विकास शुल्क रहवासियों को भरना होगा 80 प्रतिशत सरकार मिलाएगी। निम्न आय वर्ग वालों का प्रतिशत इससे कम होने पर यह रेशा आधा-आधा हो जाएगा। ऐसे में नय डवलपमेंट चार्ज निर्धारित होता है, तो पुराने वालों से दूसरी बा वसूली में दिक्कत आएगी।

*सरकार के नए नियमों के अनुसार अवैध कॉलोनियों के नियमितिकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 50 अवैध कॉलोनियों की सूची पहले से बनी है। उस आधार पर कार्रवाई करेंगे। दिक्कतों को दूर कर जल्द कॉलोनियों को वैध घोषित करेंगे।* **सोमनाथ झारिया, आयुक्त**

दै. भास्कर 16/2/22

## तड़ी मारने वाले 15 सफाई मित्रों का 1 दिवस दिवस का वेतन काटा

रतलाम। वार्डो में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डो में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत प्रातः 15 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। वार्डो में सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान प्रातः झोन क्रमांक 1 में जसवंत-रामलाल, विशाल-मुकेश, धीरज-रमश, श्रवण-दिलीप, विशाल-मुकेश, झोन क्रमांक 2 में सरस्वतीबाई पति धनराज, विमलाबाई पति नारायण, सुनील-श्यामलाल, पुष्पाबाई पति गोपाल, संगीताबाई पति हरीष, शकुन्तलाबाई पति अर्जून, झोन क्रमांक 3 में पवन-राजाराम, पुभम-राजू, मायाबाई पति राजेश, झोन क्रमांक 4 में अंजूबाई पति सतीश बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है उन्हे सेवा से बर्खास्त/निलबंन की कार्यवाही की जायेगी।

अग्निबाण 15/2/22

## 15 सफाई मित्रों का 1 दिवस का वेतन काटा

रतलाम। वार्डो में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डो मे प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत प्रातः 15 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया वार्डो मे सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान प्रातः झोन क्रमांक 1 मे जसवंत-रामलाल, विशाल-मुकेश, धीरज-रमश, श्रवण-दिलीप, विशाल-मुकेश, झोन क्रमांक 2 मे सरस्वतीबाई पति धनराज, विमलाबाई पति नारायण, सुनील-श्यामलाल, पुष्पाबाई पति गोपाल, संगीताबाई पति हरीष, शकुन्तलाबाई पति अर्जून, झोन क्रमांक 3 मे पवन-राजाराम, शुभम-राजू, मायाबाई पति राजेश, झोन 4 मे अंजूबाई पति सतीश बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है उन्हे सेवा से निलबंन की कार्यवाही की जायेगी।

राजएक्सप्रेस 16/2/22

## कर्मचारियों का वेतन काटा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नगर निगम के वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में सुबह 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति की जांच की गई। मंगलवार सुबह 10 व दोपहर में 3 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया एक व आधे दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है।

पत्रिका

## डिस्पोजल हाउस पर पांच हजार का जुर्माना

रतलाम. शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगरीय क्षेत्र में 75 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है। नगर निगम इसके खिलाफ अभियान चलाए हुए हैं। अभियान के तहत दिलीप नगर क्षेत्र में डिस्पोजल हाउस पर तय मानक के विपरित 19 किलो पॉलीथीन मिलने पर पॉलीथीन को जब्त कर संबंधित पर 5000 रुपए का जुर्माना स्पॉट फाईन दल द्वारा किया गया। पत्रिका

पत्रिका 16/2/22

## 15 सफाई मित्रों का 1 दिवस दिवस का वेतन काटा

रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डो में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षको द्वारा वार्डो में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत प्रातः 15 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। वार्डो मे सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान प्रातः झोन क्रमांक 1 में जसवंत-रामलाल, विशाल-मुकेश, धीरज-रमेश, श्रवण-दिलीप, विशाल-मुकेश, झोन क्रमांक 2 में सरस्वतीबाई पति धनराज, विमलाबाई पति नारायण, सुनील-श्यामलाल, पुष्पाबाई पति गोपाल, संगीताबाई पति हरीश, शकुन्तलाबाई पति अर्जून, झोन क्रमांक 3 में पवन-राजाराम, शुभम-राजू, मायाबाई पति राजेश, झोन क्रमांक 4 में अंजूबाई पति सतीष बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है उन्हे सेवा से बर्खास्त/निलबंन की कार्यवाही की जायेगी।

## 10 सफाई मित्रों का एक दिन का वेतन काटा

रतलाम। वार्डो में स्वच्छता पर्यवेक्षण के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा वार्डों में सुबह छह व दोपहर दो बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया। इसमें सुबह 10 व दोपहर में तीन सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार उनका एक व आधे दिन का वेतन काटा गया।

नई दुनिया 16/2/22

## गंदगी फैलाने पर वसूला जुर्माना

रतलाम। शहरी क्षेत्र मे पशु पालन व गंदगी करने पर चांद खा बंजारा कालोनी अलकापुरी से 2000 रुपये, आसमीन बी बंजारा कालोनी अलकापुरी से 1000 रुपये व खुले मे गंदगी करने पर श्याम परमार अलकापुरी अम्बे चौक से 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

# दुकानदारों की मनमानी के चलते यातायात प्रभावित

## हो रही परेशानी, ग्राहक पंचायत ने एसपी से की चर्चा



एसपी तिवारी से मिलकर समस्या बताते ग्राहक पंचायत पदाधिकारी।

**भास्कर संवाददाता | रतलाम**

शहर में किसी भी बाजार व चौराहे से आप निकलेंगे तो जाम का सामना करना पड़ता है। शहर के मुख्य बाजारों में हर 10 मिनट में जाम की स्थिति बनती है। मुख्य वजह दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामग्री फैलाकर रखने और वाहनों के कारण ग्राहकों को पार्किंग की जगह नहीं मिल रही है। फुटपाथ के आगे सामग्री रखकर चौड़ी सड़कों को गलियों में तब्दील कर दियां और साथ ही दुकानों के आगे सब्जी वाले बैठे रहते हैं। नतीजतन ग्राहकों को सड़क पर वाहन खड़ा करने पड़ते हैं, इससे यातायात प्रभावित हो रहा है।

यह बात ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष अनुराग लोखंडे ने एसपी अभिषेक तिवारी से कही। ग्राहक पंचायत के पदाधिकारियों ने मंगलवार को विभिन्न समस्याओं तथा ग्राहक पंचायत द्वारा जनहित में चलाए जा रहे अभियान की जानकारी एसपी तिवारी को दी। ग्राहकों की जागरूकता के लिए प्रकाशित साहित्य दिए। ग्राहक पंचायत की आगामी योजना के बारे में जानकारी दी। एसपी तिवारी ने समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन देते हुए कहा कि जागरूकता के लिए साहित्य का उपयोग योजना बनाकर क्रियान्वयन किया जाएगा। ग्राहक पंचायत के जिला पर्यावरण प्रमुख नरेश सकलेचा, ग्राहक पंचायत के नगर सचिव सत्येंद्र जोशी, नगर कार्यकारिणी के राजेश भार्गव, महिला आईटीआई के प्राचार्य अमिताभ श्रीवास्तव, महिला आईटीआई के प्रशिक्षण प्रभारी केएस गोयल, जिला मीडिया प्रभारी हेमंत भट्ट सहित अन्य मौजूद रहे।

दै. भास्कर 16/2/22

# फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा, पार्किंग के लिए जगह नहीं

रतलाम। शहर में दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामग्री रखने और वाहनों के कारण ग्राहकों को पार्किंग की जगह नहीं मिल रही है। फुटपाथ के आगे तक सामग्री रखकर चौड़ी चौड़ी सड़कों को गलियों में तब्दील कर दिया गया हैं। नतीजतन ग्रहकों को सड़क पर वाहन खड़ा करने पड़ते हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। यह बात ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष अनुराग लोखंडे ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी से कहीं। ग्राहक पंचायत के पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं तथा ग्राहक पंचायत द्वारा जनहित में चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी। लोखंडे ने ग्राहकों की जागरूकता के लिए प्रकाशित साहित्य भेंट किया। इसके साथ ही ग्राहक पंचायत की आगामी योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि समाज के जरूरतमंद युवाओं को आईटीआई में तकनीकी प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा। नवभारत

## पौधा भेंट कर स्वागत किया

ग्राहक पंचायत के जिला मीडिया प्रभारी हेमंत भट्ट ने बताया कि ग्राहक पंचायत जिला पर्यावरण प्रमुख नरेश सकलेचा, नगर सचिव सत्येंद्र जोशी, नगर कार्यकारिणी राजेश भार्गव, महिला आईटीआई प्राचार्य अमिताभ श्रीवास्तव, महिला आईटीआई प्रशिक्षण प्रभारी केएस गोयल ने पौधा भेंट कर एसपी का स्वागत किया।

नवभारत 16/2/22

## कलेक्टर पुरुषोत्तम ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# आमजन के स्वास्थ्य के दृष्टिगत खाद्य एवं औषधि निरीक्षक मिलावटी वस्तुओं के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करें

सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम

समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में विगत बैठकों की भांति इस बार भी कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा खाद्य एवं औषधि विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक जमरा से उनके द्वारा मिलावटी वस्तुओं के विरुद्ध की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। श्री जमरा द्वारा दिए गए उत्तर से असंतुष्ट कलेक्टर द्वारा मावा, दूध, घी इत्यादि खाद्य वस्तुओं में मिलावट के नमूनों ज्यादा से ज्यादा लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में सम्मिलित है। बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर श्री अभिषेक गहलोत, एसडीएम सुश्री कृतिका भीमावद, डीएफओ डी.एस. डुडवे, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर नानावरे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री पी.के.गोगादे, जिला योजना अधिकारी श्री बी.के. पाटीदार, जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी आदि उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की परीक्षाओं के दृष्टिगत कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए। रात्रि 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक के लिए सभी डीजे, बैंड इत्यादि ध्वनि विस्तारक प्रतिबंधित किए जाएं ताकि बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा नहीं आए। आंगनबाड़ियों में बच्चों को उचित शिक्षा-दीक्षा



तथा इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्धता के दृष्टिगत अधिकारियों को सौंपी गई। आंगनबाड़ियों के संबंध में कलेक्टर द्वारा जानकारी दी गई। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वह आंगनबाड़ियों में जाकर बच्चों की पढ़ाई से लेकर तमाम व्यवस्थाओं को देख रहे हैं और जो जरूरी सुधार है उनका कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती नीरजा श्रीवास्तव, जिला खनिज अधिकारी सुश्री आकांक्षा पटेल द्वारा आंगनवाड़ी में पहुंचकर किए गए निरीक्षण तथा अवलोकन की जानकारी कलेक्टर को दी गई।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे मात्र निरीक्षण तक सीमित नहीं रहे बल्कि आंगनवाड़ी के बच्चों से आत्मीयता रखते हुए कार्य करें। एसडीएम सुश्री कृतिका भीमावद ने भी आंगनवाड़ी निरीक्षण की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ियों में अधोसंरचना, आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जिला खनिज फंड से कार्य करवाए जा सकेंगे। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी महीने में दो या तीन बार अपनी आंगनवाड़ी में अवश्य पहुंचे। किसी भी समस्या के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री रजनीश सिन्हा से संपर्क करें। आंगनवाड़ी में बच्चों के हाथ धोकर भोजन लेने, बर्तनों की उपलब्धता, हैंडवाश सिस्टम, उचित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही श्री सिन्हा को निर्देशित किया कि आंगनवाड़ियों की रैंकिंग भी की जाना है।

बैठक में तहसीलदार गोपाल सोनी ने बताया कि उनकी तहसील में हर सप्ताह 15 से 20 आवेदन विमुक्त, घुमक्कड़, अर्धघुमक्कड़ जातियों के प्रमाण पत्र बनाने के लिए आते हैं। कलेक्टर ने इस संबंध में समुचित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारी सुश्री रश्मि तिवारी को भी आवश्यक आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। जिले में पशु चिकित्सा विभाग तथा मत्स्य विभाग द्वारा केसीसी बनाए जा रहे हैं। पशुपालक तथा मत्स्य कृषकों के केसीसी बन जाने पर उनको आवश्यक पूंजी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, साथ ही आर्थिक समृद्धि भी हासिल होगी। इस दृष्टि से मत्स्य विभाग को 2000 केसीसी बनाने का लक्ष्य है। अब तक 735 मत्स्य कृषको के केसीसी बनाए जा चुके है। पशु चिकित्सा विभाग के लक्ष्य के तहत 9000 केसीसी स्वीकृत किए जा चुके हैं। बीते एक सप्ताह में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा 1000 पशुपालक कृषकों के केसीसी बनवाए गए।

इसी प्रकार उद्यानिकी विभाग के अधिकारी कनेल ने बताया कि एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत चयनित फसल लहसुन की प्रसंस्करण इकाइयों के 10 प्रकरण बैंकों द्वारा स्वीकृत किए जाने वाले हैं। अब तक 4 प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड निर्माण तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की भी समीक्षा की। जनसुनवाई व्यवस्था के संबंध में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई कार्यक्रम की विश्वसनीयता बरकरार रहे। यदि जनपद क्षेत्रों से शिकायतें आती हैं तो इसका सीधा सा मतलब है कि संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है।

बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा जानकारी दी गई कि जिले की सभी पुरानी जल संवर्धन की 686 योजनाओं में से 48 योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति के प्राक्कलन उपयंत्रियों से प्राप्त होना शेष है। इस संबंध में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शेष प्राक्कलन तत्काल प्राप्त कर स्वीकृत सभी जल संवर्धन योजनाओं के जीर्णोद्धार कार्य को 15 अप्रैल तक पूर्ण कराया जाए।

सिंघम - 15/2/22

## रोजगार मेले के सुचारू क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपे

रतलाम। जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय द्वारा 22 फरवरी को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सैलाना रोड पर प्रातः 10.30 बजे आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा मेले की समुचित व्यवस्थाओं के सुचारू रुप से क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों, कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। तद्नुसार अनुविभागीय अधिकारी (शहर) श्री राजेश शुक्ला तथा प्राचार्य आईटीआई श्री यु.पी. अहिरवार कार्यक्रम समन्वयक बनाए गए हैं। महाप्रबंधक जिला एवं व्यापार उद्योग केन्द्र श्री मुकेश शर्मा, अधीक्षक आईटीआई श्री एच.के. बाथम तथा सहायक प्रबंधक जिला एवं व्यापार उद्योग केन्द्र श्री नीरज वरकडे को कम्पनियों से समन्वयक संबंधी कार्य, नगर पुलिस अधीक्षक श्री हेमन्त चौहान कानून व्यवस्था, आयुक्त नगर निगम श्री सोमनाथ झारिया परिसर में पानी, सफाई व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कं श्री विनय प्रतापसिंह विद्युत व्यवस्था, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे को मेले में सेनेटाईजर, थर्मल स्केनिंग, फर्स्ट एड की व्यवस्था का दायित्व निर्वहन करेंगे। मेला स्थल पर पंजीयन, काउण्टर तथा रिकार्ड संधारण की व्यवस्था प्राचार्य आईटीआई की सुविधानुसार की जाएगी।

१६/२/२२

## रोजगार मेले के सुचारू क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपे

रतलाम। जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय द्वारा 22 फरवरी को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सैलाना रोड पर प्रातः 10.30 बजे आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा मेले की समुचित व्यवस्थाओं के सुचारू रुप से क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों, कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। तद्नुसार अनुविभागीय अधिकारी (शहर) राजेश शुक्ला तथा प्राचार्य आईटीआई यू.पी. अहिरवार कार्यक्रम समन्वयक बनाए गए हैं। महाप्रबंधक जिला एवं व्यापार उद्योग केन्द्र मुकेश शर्मा, अधीक्षक आईटीआई एच.के. बाथम तथा सहायक प्रबंधक जिला एवं व्यापार उद्योग केन्द्र नीरज वरकडे को कम्पनियों से समन्वयक संबंधी कार्य, नगर पुलिस अधीक्षक हेमन्त चौहान कानून व्यवस्था, आयुक्त नगर निगम सोमनाथ झारिया परिसर में पानी, सफाई व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कं विनय प्रतापसिंह विद्युत व्यवस्था, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे को मेले में सेनेटाईजर, थर्मल स्केनिंग, फर्स्ट एड की व्यवस्था का दायित्व निर्वहन करेंगे।

सिंहस्थ - १५/२/२२

# भाजपा मंडल अध्यक्ष डागा ने कलेक्टर को लिखा पत्र, समस्याएं बताई

रतलाम। भाजपा कुशाभाऊ ठाकरे मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को पत्र लिखकर उनका ध्यान शहर में सुअरों की समस्या को लेकर आकर्षित किया है। मंडल अध्यक्ष डागर ने कलेक्टर को संबोधित करते हुए लिखा है कि आपके कुशल नेतृत्व में नगर निगम के माध्यम से शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके सुखद परिणाम भी सामने आ रहे हैं। लेकिन शहर में अचानक कुछ क्षेत्र में सूअरों की भरमार हो गई है। श्री डागा ने लिखा है कि इनके कारण गंदगी बढ़ने के साथ ही सुअरों के काटने की समस्या भी आ रही है। पत्र में श्री डागा ने इनको पकड़कर शहर के बाहर करने और नागरिकों को राहत दिलाने की मांग की है।

नवभारत 16/2/22

# स्वच्छता में निगम की उम्मीदों पर खरा उतरने वालों का हुआ सम्मान

● रतलाम

स्वच्छ प्रतिष्ठान सर्वेक्षण अभियान के तहत नगर के होटल, स्कूल, हॉस्पिटल, ऑफिस, मार्केट एसोशिएशन व हॉकर्स झोन को स्वच्छता एवं इससे संबंधित आवश्यक सुविधाओं के आधार पर अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पर आयोजित कार्यक्रम में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, भाजपा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष विप्लव जैन, पूर्व महापौर परिशद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, उपायुक्त विकास सोलंकी, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर श्रीमती दिव्या पाटीदार आदि के द्वारा प्रतिष्ठानों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष विप्लव जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि देष के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाये गये स्वच्छता अभियान से




नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जाग्रति देखने को मिल रही है बस हम इतना करें कि इस जाग्रति को ओर अधिक गति देकर रतलाम को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में नम्बर 1 बनायें।

निगम आयुक्त ने स्वागत उदबोधन देते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत स्वच्छता माह पुरे प्रदेश में मनाया जा रहा है जिसके तहत होटल, स्कुल, हॉस्पिटल, ऑफिस, मार्केट एसोशिएशन व हॉकर्स झोन का स्वच्छता सर्वेक्षण मापदण्ड अनुसार किया जा रहा था तय मापदण्डों में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले प्रतिष्ठानों को आज सम्मानित किया जा रहा है। उन्होने इस अवसर पर आव्हान किया कि रतलाम नगर को स्वच्छ बनाने हेतु नागरिक कम से कम कचरा उत्सर्जित करें, पॉलीथीन, डिस्पोजल का उपयोग ना करें, 4 प्रकार के अलग-अलग कचरे के लिये 4 डस्टबीन रखें व निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डालें, गीले कचरे से अपने घरों में मटके या बाल्टी में जैविक खाद बनाकर अपने उद्यानों को हरा-भरा रखें। ब्रांड एम्बेसेडर श्रीमती दिव्या पाटीदार व दीपिका पटेल ने रतलाम नगर को स्वच्छ रखने हेतु प्रेजेन्टेंशन के माध्यम से अपने विचारों से उपस्थितों को अवगत कराया।

## स्वच्छता से यह बने सम्मान के हकदार

स्वच्छ प्रतिष्ठान सम्मान के तहत होटल-समता सागर होटल महू रोड प्रथम, बालाजी सेन्ट्रल सैलाना रोड द्वितीय, जेएमडी पैलेस सागोद रोड तृतीय, स्कुल-सेंट जोसेफकॉन्वेंट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मित्र निवास रोड प्रथम, हिमालय किड्स स्कूल द्वितीय, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक स्कूल सागोद रोड तृतीय, हॉस्पिटल-आशीर्वाद हॉस्पिटल वेदव्यास कालोनी प्रथम, रतलाम हास्पिटल शास्त्री नगर द्वितीय, आरोग्यम हॉस्पिटल कॉलेज रोड तृतीय, ऑफिस-कार्यालय कलेक्टर महू रोड प्रथम, कार्यालय नगर पालिक निगम कॉलेज रोड द्वितीय, कार्यालय जिला पंचायत कोर्ट तिराहा तृतीय, मार्केट एसोशिएशन- सर्राफा मर्चेन्ट एसोशिएशन प्रथम, क्लॉथ मर्चेन्ट एसोशिएशन द्वितीय, कसेरा मर्चेन्ट एसोशिएशन तृतीय, हॉकर्स झोन-दो बत्ती हॉकर्स झोन प्रथम, कालिका माता हाकर्स झोन द्वितीय व चांदनी चौक हॉकर्स झोन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अग्निबाण 15/12/22

# जनसुनवाई में आए 60 आवेदन, एसडीएम ने विभागों को निराकरण के दिए निर्देश

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जनसुनवाई हुई। एसडीएम राजेश शुक्ला तथा एसडीएम रतलाम ग्रामीण कृतिका भीमावद ने 60 आवेदनों पर सुनवाई करते संबंधित विभाग को निराकरण के निर्देश दिए।

सिलावटों का वास निवासी हसन नूरानी ने शिकायत की कि उनका हुसैनी नगर के पास भूखंड है। इसके आगे शासकीय भूमि है जो खुली पड़ी है। कतिपय लोगों द्वारा खुली शासकीय भूमि के साथ मेरे भूखंड के आगे झोपड़ी बनाकर कब्जा कर लिया है। कब्जा हटाया जाए। सिलावटों का वास निवासी अशोक वर्मा ने बताया प्रार्थी को महर्षि वाल्मीकि प्रोत्साहन योजना के तहत 50 हजार रुपए प्राप्त होना था प्रार्थी को 25 हजार रुपए प्राप्त हुए। गांधीनगर निवासी हेमा पति स्व. कमलेश बोमलिया ने जनसुनवाई के दौरान बताया कि प्रार्थिया की सास नगर निगम में सफाई कर्मचारी थी जिनकी मृत्यु 2019 में हो गई थी जिस पर प्रार्थिया के पति कमलेश बोमलिया को अनुकम्पा नियुक्ति हेतु कार्यवाही की थी परन्तु नियुक्ति के पूर्व उनके पति की मृत्यु हो गई। इससे अनुकंपा नियुक्ति दी जाए।

दै. भास्कर 16/2/22

# प्रशासन के अभियान से हांफ गया माफिया

## कलेक्टर का कड़ा एक्शनः जिले में पिछले छः महीने में भूमाफिया से लेकर अन्य अपराधियों पर हुई कड़ी कार्रवाई, करोड़ों की ज़मीन भी मुक्त कराई

**रतलाम। रतलाम जिले में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में अपराधियों, भूमाफियाओं, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। विगत 6 माह की अवधि में रतलाम जिले में शासकीय गाइड लाइन मूल्य के अनुसार 38 करोड़ 77 लॉख रुपए मूल्य की मुक्त कराई गई है। प्रशासन द्वारा नशे का व्यापार करने वाले, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में लिप्त, आम आदमी की जमीन पर कब्जा करने वाले गुंडों, सूदखोरों आदि के अवैध निर्माण को हटाया गया है।**

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की मंशा अनुसार रतलाम जिले में भी माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई सतत जारी है। जिले में विगत सितंबर माह से लेकर जनवरी तक विभिन्न स्थानों पर 32 कार्रवाईयां की गई है। विभिन्न छोटी-बड़ी कार्रवाइयों में कुल मिलाकर 38 करोड़ 77 लाख रुपए मूल्य की 37.635 हेक्टेयर भूमि मुक्त कराई गई है।

जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई में अपराधिक तत्वों, भू माफियाओं तथा अन्य माफियाओं के 247 मकान दुकान या अन्य प्रकार की संरचनाओं को तोड़ा गया है। माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई के तहत रतलाम शहर से लेकर आलोट, जावरा, रतलाम ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य रूप से बड़ी कार्रवाइयां की गई है जिनमें ग्राम ढोढर में 106 अवैध दुकानों को तोड़कर अतिक्रमण हटाया गया था वही विगत दिनों रतलाम शहर में भी अपराधिक तत्वों के मकानों को ध्वस्त किया गया। कलेक्टर के अनुसार जिले में भूमाफियाओं, अपराधिक तत्वों, गुंडा तत्वों, अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाही सतत जारी रहेगी। इस संबंध में सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि अवैध निर्माणों को चिन्हित करें। वही माफिया तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनकी संपत्ति को ध्वस्त करने के लिए चिन्हांकन सतत जारी रखें। अग्नि-15

अग्निबाण 15/2/22

# जिले में भूफियाओं, असामाजिक तत्वों अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई

## 6 माह में 38 करोड़ रुपए से अधिक की भूमि मुक्त कराई गई

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

जिले में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में अपराधियों, भूमाफियाओं, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। विगत 6 माह की अवधि में रतलाम जिले में शासकीय गाइड लाइन मूल्य के अनुसार 38 करोड़ 77 लॉख रुपए मूल्य की मुक्त कराई गई है। प्रशासन द्वारा नशे का व्यापार करने वाले, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में लिप्त, आम आदमी की जमीन पर कब्जा करने वाले गुंडों, सूदखोरों आदि के अवैध निर्माण को हटाया गया है।

मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार रतलाम जिले में भी माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई सतत जारी है। जिले में विगत सितंबर माह से लेकर जनवरी तक विभिन्न स्थानों पर 32 कार्रवाईयां की गई है। विभिन्न छोटी-बड़ी कार्रवाइयों में कुल मिलाकर 38 करोड़ 77 लाख रूपए मूल्य की 37.635 हेक्टेयर भूमि मुक्त कराई गई है।

जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई में अपराधिक तत्वों, भू माफियाओं तथा अन्य माफियाओं के 247 मकान दुकान या अन्य प्रकार की संरचनाओं को तोड़ा गया है। माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई के तहत रतलाम शहर से लेकर आलोट, जावरा, रतलाम ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य रूप से बड़ी कार्रवाइयां की गई है जिनमें ग्राम ढोढर में 106 अवैध दुकानों को तोड़कर अतिक्रमण हटाया गया था वही विगत दिनों रतलाम शहर में भी अपराधिक तत्वों के मकानों को ध्वस्त किया गया। कलेक्टर के अनुसार जिले में भूमाफियाओं, अपराधिक तत्वों, गुंडा तत्वों, अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही सतत जारी रहेगी। इस संबंध में सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि अवैध निमार्णों को चिन्हित करें। वहीं माफिया तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनकी संपत्ति को ध्वस्त करने के लिए चिन्हांकन सतत जारी रखें। दबंग

दबंगदुनिया 16/2/22

# 38 करोड़ र से अधिक की जमीन मुक्त कराई

रतलाम, नप्र। अपराधियों, भूमाफियाओं, असामाजिक तत्वों के खिलाफ रतलाम में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। पिछले 6 माह की अवधि में जिले में शासकीय गाइड लाइन मूल्य के अनुसार 38 करोड़ 77 लाख कीमत की जमीन मुक्त कराई। प्रशासन ने नशे का व्यापार करने तथा महिलाओं के खिलाफ अपराधों में जुड़े के अलावा आम आदमी की जमीन पर कब्जा करने वाले गुंडों, सूदखोरों आदि के अवैध निर्माण को भी हटाया गया है।पिछले सितंबर माह से लेकर जनवरी तक अलग-अलग 32 जगहों पर कार्रवाईयां की गई है। कार्रवाई में अपराधिक तत्वों, भूमाफियाओं तथा अन्य माफियाओं के 247 मकान दुकान या अन्य प्रकार की संरचनाओं को तोड़ा गया है। कलेक्टर के अनुसार जिले में भूमाफियाओं, अपराधिक तत्वों, गुंडा तत्वों तथा कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्यवाही सतत जारी रहेगी।

प्रभातकिरण 15/२/२२